# किशनगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। जितो किशनगढ़ लेडीज विंग द्वारा महिला सशक्तिकरण और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित जितो किशनगढ़ प्रीमियर लीग का समापन मयूरा सिटी ग्राउंड में हुआ। शुभारंभ नगर परिषद आयुक्त सीता वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। लीग में छह टीमों ने भाग लिया, इनमे किशनगढ़ रॉयल्स, स्काइग्लाइडर्स, ब्लास्टर्स, सनराइजर्स, नाईट राइडर्स व स्ट्राइकर्स टीम शामिल रही। टीमों की ऑनरशिप नीलामी के माध्यम से हुई। फाइनल मुकाबले में स्काइग्लाइडर्स ऑनर सौरभ कोठारी, कप्तान नुपुर कोठारी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सनराजर्स ऑनर रोहित जैन, कैप्टन रीना गंगवाल टीम को हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में एसडीएम निशा सहारण, हर्षिता महनोत व बार एसोसिएशन अध्यक्ष रूपेश शर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। महिला विग अध्यक्ष नितिका महनोत, महासचिव रीना गंगवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ काश्वी पहाड़िया ने किया। खिलाडी दिवा जैन, हर्षिता जैन, मुस्कान जैन, खुशी जैन, प्रीति जैन व नीतिका महनोत को मेंन ऑफ दा मैच घोषित किया। अम्पायरिंग हरिंदर चौधरी व कमेंट्री राकेश यादव ने की। जीतो अध्यक्ष समकित पहाड़िया, महासचिव धर्मेन्द्र सांड, कोषाध्यक्ष अविनाश पाटनी सहित पियूष लुहाड़िया, राजीव गंगवाल, अनुज कोचेटा, रवि जैन, महिला विग उपाध्यक्ष बबीता संचेती, कोषाध्यक्ष रश्मी जैन, डॉ किरण माला जैन, शम्मी कोठारी, माला भंडारी सहित अनेक गणमान्य सदस्यगण मौजूद रहे।




जितो किशनगढ़ प्रीमियर लीग का समापन मयूरा सिटी ग्राउंड में हुआ।

- किशनगढ़ लेडीज विंग द्वारा महिला सशक्तिकरण और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित जितो किशनगढ़ प्रीमियर लीग का समापन मयूरा सिटी ग्राउंड में हुआ

## संक्षिप्त

### सम्मेलन का आयोजन

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद अजमेर द्वारा व्यापक सदस्यता अभियान का शुभारंभ रविवार को किया गया। विभाग संयोजक कुलदीप सिंह रत्नू एवं अध्यक्ष डॉ कृष्णकांत शर्मा व गंगाधर शर्मा ने बताया कि 14 मई तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से नवोदित, युवा एवं वरिष्ठ रचनाकारों को परिषद के साहित्यिक कार्यक्रमों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अभियान प्रभारी विष्णु दत्त शर्मा, बनवारी लाल शर्मा एवं महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि परिषद सभी भारतीय भाषाओं के विविध साहित्यिक विधाओं से जुड़े लेखकों का सार्थक मंच है जिसके द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार, संगोष्ठी, पुरस्कार, प्रकाशन आदि आयोजन किए जाते हैं। जिला संयोजक गोविंद भारद्वाज ने कहा कि शीघ्र ही परिषद द्वारा जिला स्तरीय साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### श्रीराम कथा 6 मई से पुष्कर में

पुष्कर, । तीर्थ नगरी पुष्कर में आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले स्वामी रविकांत शर्मा की श्रीराम कथा 6 मई से पुष्कर रिजॉर्ट में आयोजित होगी। कथा के दौरान ही धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। स्वामी रविकांत शर्मा ने बताया कि 6 मई से प्रारंभ होने वाली श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे तक होगी। इस अवसर पर श्री रामायण प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी होगा। इस प्रश्नोत्तरी में 15 से 35 वर्ष की उम्र वाले लोग भाग ले सकते हैं। राम कथा में भगवान राम के जीवन से जुड़े संवाद और प्रसंग की जानकारी संगीत में तरीके से दी जाएगी इस कार्यक्रम का आयोजन श्री रघुनाथ जी महाराज एवं श्री पुष्कर राज महाराज की ओर से किया जा रहा है। कथा स्थल में प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

### कोटा में नीट यूजी एग्जाम के पहले छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा, (निसं)। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा अपने परिवार के साथ पार्श्वनाथ एरिया में निजी आवास पर ही रहती थी। साथ ही वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रही थी और उसे रविवार को परीक्षा भी देनी थी। इसके पहले ही उसने इस घटना को अंजाम दिया। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। जिसके बाद परिजनों ने शोर मचाया और पड़ोसी घर पर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने दरवाजा लगा लिया और कमरा नहीं खोल रही इसके बाद पडोसियों ने दरवाजे को तोड़ा। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां पर बालिका को मृत घोषित कर दिया। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का कोई खुलासा नहीं हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे क्या कारण रहे हैं। जिनकी जांच की जा रही है। घटनाक्रम के मामले में विस्तृत की जानकारी भी ली जाएगी। यह परिवार मूल रूप से मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले का निवासी है। बीते 5 सालों से यह कुन्हाड़ी इलाके में ही मकान बना कर रह रहे हैं।

### हाड़ौती विकास संस्थान के अध्यक्ष बने वाहिद अंसारी

कोटा, (निसं)। कोटा डोरिया हाड़ौती विकास संस्थान (केडीएचएफ) कार्यसमिति का आयोजन रविवार को किया गया। मीटिंग में संस्था के अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया और कार्यकारिणी द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया साथ ही इस्तीफा स्वीकार करने के बाद कार्यकारिणी के उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्थान के उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी को संस्थान का नया अध्यक्ष चुना साथ ही रिक्त चल रहे कोषाध्यक्ष पद पर भी कार्यकारिणी द्वारा सिराज ढलवाल को पदस्थापित किया गया। अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ ही नए पदाधिकारियों का कार्यकारिणी सदस्य व आमजन ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष वाहिद अंसारी का कहना था कि वह कोटा डोरिया को लेकर आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे साथ ही इसे और भी अधिक आगे बढ़ाने का प्रयास सभी का सहयोग लेकर किया जाएगा। सरकार के स्तर पर जो बेहतर किया जा सकेगा वह किया जाएगा।

## धोलाभाटा में पानी की नई पाइपलाइन का शिलान्यास

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिता भदेल ने रविवार को वार्ड संख्या 51 स्थित गेहलोतों की डूंगरी, धोलाभाटा में पेयजल सुविधा को सशक्त बनाने हेतु चार लाख रुपए की लागत से 180 मीटर लंबी और 4 इंची पानी की पाईप लाईन कार्य का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक भदेल ने बताया कि धोलाभाटा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी, जिसे देखते हुए स्थानीय निवासियों की मांग पर यह कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद संबंधित क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में भी उनके विधायक कोष से इसी वार्ड में सड़क व अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं।

## उत्साह और रचनात्मकता के साथ रिसर्च फेस्ट 'बायोनोवा 2025' का आयोजन

अजमेर, (कासं)।राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में लाइफ साइंसेज रिसर्च क्लब द्वारा वैज्ञानिक उत्साह और रचनात्मकता के साथ रिसर्च फेस्ट 'बायोनोवा 2025' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. सुखेश मुखर्जी, ऐम्स भोपाल ने 'जीवविज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोगः अनुसंधान और व्यवहार का भविष्य' विषय पर प्रतिभागियों को जैविक शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण की दिशा में प्रेरित किया और इस क्षेत्र की संभावनाओं को समझाया। कार्यक्रम के समापन सत्र में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने आयोजन की सफलता की सराहना करते हुए स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की भूमिका को विश्वविद्यालय को एक शोध-केंद्रित संस्था के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने शिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए भविष्य में बायोनोवा 2025 को एक व्यापक, बहुविषयक विज्ञान उत्सव के रूप में विस्तार देने की बात कही। स्वागत भाषण में स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेस के डीन प्रो. सी सी मंडल ने कहा कि लाइफ साइंस रिसर्च क्लब का गठन कुलपति की स्वीकृति और प्रोत्साहन से हुआ। उन्होंने इसे एक 'बेहतरीन पहल' बताया। रिसर्च फेस्ट के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें रिसर्च ग्रांट लेखन, टाइटल लेखन, साइंटिफिक डम्ब शराड्स, साइ-फाई कहानी लेखन, मेमोरी टेस्ट, क्विज़ और आकर्षक प्रदर्शनी जैसे कि बायो-वेस्ट आर्ट, एगर आर्ट और साइ-आर्ट शामिल थीं। इन गतिविधियों ने छात्रों की नवाचार क्षमता, संप्रेषण कौशल और वैज्ञानिक समझ को रचनात्मक व बौद्धिक तरीकों से प्रदर्शित किया।

शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विज्ञान आधारित खेल गतिविधियों का आयोजन भी हुआ, जिसमें शारीरिक सक्रियता के साथ-साथ विज्ञान विषयक चुनौतियाँ शामिल थीं। इन गतिविधियों ने टीम भावना और बहुविषयक सीख को प्रोत्साहित किया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिनमें छात्रों ने संगीत, नाटक, नृत्य और कविता प्रस्तुतियाँ दीं। गौरतलब है कि नवंबर 2024 में स्थापित लाइफ साइंसेज रिसर्च क्लब सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान का पहला शोध क्लब है, जिसकी स्थापना का उद्देश्य स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज़ में एक जीवंत, छात्र-नेतृत्वित शोध संस्कृति को बढ़ावा देना है। बायोनोवा 2025 क्लब की पहली प्रमुख वार्षिक गतिविधि रही, जिसमें छात्रों और शोधकर्ताओं को अपने विचारों, नवाचारों और कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करने का मंच मिला।

## 'गुरु की शरण में जीवन रूपी आवागमन से मुक्ति मिल सकती है'

अजमेर, (कासं)। वेल नाम जपण जी आहे सिन्धी में भजन सुनाते हुए प्रेम प्रकाश मंडल के वरिष्ठ संत स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि सतगुरू स्वामी बंसन्तराम ने उनकी शरण में आने वाले श्रद्धालुओं और भक्तो को बताया कि गुरु की शरण में रहकर प्रत्येक पल जप करके ही इस जीवन रूपी आवागमन से मुक्ति सतगुरू अपनी कृपा से दिलवा सकते है।

संत स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री ने अपने सत्संग प्रवचनों में बताया कि अमृतवेले सवेरे उठकर गुरु द्वारा बताए नाम का समय रहते जाप करलो। शास्त्री ने बताया सिन्धी भजन के माध्यम से बताया कि राम नाम जपे वठ नत जम जा दूत वेन्दई धेरे वेल नाम जपण जी आहे। प्रेम प्रकाश मंडल के सन्त स्वामी रामप्रकाश ने बताया कि स्वामी टेउंराम की चौथ के अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सन्त स्वामी जस महाराज ने बताया कि सत्संग में निरन्तर आने से भगवान को सब कुछ समझते हुए उसमें मन लगाना है।

## सार-समाचार

### संबित पात्रा 8 को अजमेर में

अजमेर । आगामी 8 मई को होने वाले वक्फ बोर्ड जनजागरण अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम को लेकर भाजपा अजमेर संभाग की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को भाजपा कार्यलय में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लोकसभा सदस्य संबित पात्रा शिरकत करेगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के अलावा कोई ऐसी सरकार नहीं जो यह काम कर सकती थी। यह देश के लिए जरूरी था। बहुत सही समय पर यह निर्णय हुआ है. इससे मनमानी करके देश की संपत्ति पर कब्जा करने का कुछ लोगों का जो प्रयास है, उसपर प्रतिबंध लगेगा। वक्फ संशोधन विधेयक बहुत सोच-समझकर लाया गया है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इससे संतुष्ट हैं । रामलाल शर्मा ने बताया कि वक्फ की आमदनी लगातार गिर रही है क्योंकि संपत्तियों को अवैध रूप से सौ-सौ साल तक के लिए किराए पर दिया जा रहा है, सरकार का उद्देश्य इस विधेयक के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय का विकास करना और इस्लाम धर्म की धार्मिक संस्थाओं को अधिक मजबूत करना है। इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोना, देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, जिला संगठन प्रभारी बीरम देव सिंह, नागौर देहात जिलाध्यक्ष सुनीता रानड़, मान सिंह, जितेंद्र सिंह जोधा, सरिता गेना, प्रभु बाडोलिया टोंक, अफशान चिश्ती, शाकीर चिश्ती, शफीक खान, राजेश घाटे, राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### योग शिविर 9 से 11 मई तक

मेड़ता सिटी । नागौर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसियेशन की मिटिंग का आयोजन रविवार को योग शिक्षक संतोष मूंदड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिला के सचिव तथा योगासन खेल के नेशनल रेफ्री घनश्याम चौधरी ने जिला के विभिन्न स्थानों से आए योग साधकों से परिचय उपरांत योगासन खेल से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की । योगाचार्य घनश्याम चौधरी ने बताया कि माह मई के अंत में स्टेट लेवल रेफ्री जजेज प्रशिक्षण कार्यक्रम ओनलाइन आयोजित किया गया जिसमें माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में योगासन खेल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति 2025 में 21 जून को होने वाले समारोह के लिए योगासन खेल संघ द्वारा सहयोग किया जाएगा । योग कक्षाओं में योग का अभ्यास प्रारंभ किया जाएगा । योगासन खेल के प्रशिक्षण के माध्यम से एथलीट्स तैयार किए जाएंगे । भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त योगासन खेल महासंघ से अफिलियेटेड राजस्थान योगासन स्पोर्ट्स एसोसियेशन की सभी जिलों में योगासन खेल की प्रतियोगिता आयोजित होती है । राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अनेक योगासन खिलाड़ी भाग लेते हैं । हाल ही योगासन खेल की एशियाई चेंपियनशिप दिल्ली में आयोजित हुई थी । आगामी ओलम्पिक खेलों में योगासन खेल सम्मिलित होगा । योग एसा विषय है जिसमें मास्टर डिग्री के बाद नेट जेआरएफ की परीक्षा के बाद पीएचडी कर सकते हैं । योगासन खेल प्रतियोगिता में दस वर्ष से पचपन वर्ष आयु तक के एथलीट्स भाग ले सकते हैं । पटियाला से एन आइ एस सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं । कोच ट्रेनिंग ले सकते हैं ।आयुष्मान केंद्र पर योग प्रशिक्षक नियुक्त हो सकते हैं । सीबीएसई पाठ्यक्रम में योग विषय लागू किया गया है । पी एम श्री स्कूल में योग शिक्षक की नियुक्ति होने लगी है । योग सर्टिफिकेशन बोर्ड की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी गई । वही योग से स्वयं निरोगी जीवन प्राप्त कर परिवार , समाज को स्वस्थ रख देश के विकास में योगदान दे सकते हैं ।

### मंदिर ट्रस्ट के चुनाव संपन्न

अजमेर, (कासं)। श्री चामुंडा माता मंदिर ट्रस्ट के चुनाव निर्वाचन अधिकारी प्रभु सिंह राजावत सह निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर जेतमाल के देखरेख में संपन्न हुए। अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, महामंत्री विजय सिंह नाथावत, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह चौहान, अंकेक्षक घनश्याम सिंह चौहान, संरक्षक प्रताप सिंह चौहान वरिष्ठ सलाहकार बाबू सिंह पवार, ईश्वर सिंह सांखला और मदन सिंह चौहान, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह भाटी, लेखराज सिंह राठौड़ और संपत सिंह हाडा, संगठन मंत्री कैलाश सिंह भाटी और शंकर सिंह बडगूजर, प्रचार मंत्री सत्यनारायण सिंह गॉड, इंदर सिंह राजावत और भंवर सिंह राजावत, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह गॉड, विधि सलाहकार राम सिंह निर्माण और रणजीत सिंह नरूका मीडिया प्रभारी भंवर सिंह राठौड़ सहित 10 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ।

# अजमेर डिस्कॉम लगाए स्मार्ट मीटर

- पोस्टपेड मोड पर लगेंगे फिर होंगे प्रीपेड
- मोबाइल पर होगा रीडिंग-बिलिग का सिस्टम

अजमेर, उपभोक्ताओं को बिजली की रीडिंग और बिलिंग से निजात दिलाने के लिए अजमेर डिस्कॉम द्वारा नवाचार किया जा रहा है। डिस्कॉम के क्षेत्राधीन 14 जिलों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसको लेकर डिस्कॉम एमडी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड पर लगाए जाएंगे बाद में उन्हें प्रीपेड किया जाएगा।

अजमेर डिस्कॉम एमडी केपी वर्मा ने बताया कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए अजमेर डिस्कॉम द्वारा नवाचार किया जा रहा है। अजमेर डिस्कॉम के क्षेत्राधीन 14 जिलों में इस वर्ष 69 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लाएंग जाएंगे, इनमें से 54 लाख 32 हजार 231 मीटर उपभोक्ताओं और एक लाख 55 हजार 443 मीटर ट्रांसफार्मर पर लगाए जाएंगे। यह मीटर सीधे सर्वर से कनेक्ट रहेंगे। मोबाइल पर रीडिंग-बिलिंग का सिस्टम होगा। डिस्कॉम में 4जी तकनीक के स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। हालांकि यह काम 15 जुलाई 2019 में शुरू हुआ था, जो चार साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। यहा यह उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष डिस्कॉम ने 27 अगस्त को जीनस मीटरिंग कम्युनिकेशन लिमिटेड को स्मार्ट मीटर के लिए कार्यादेश जारी किए थे, तकनीकी कंपनी 52 हजार 985 उपभोक्ताओं और ट्रांसफार्मर का सर्वे भी कर चुकी है, 79 उपभोक्ताओं के ही मीटर बदले गए हैं, क्योंकि पूर्व में स्मार्ट मीटर के प्लास्टिक बॉक्स का प्रयोग करने का मामला हाईकोर्ट में चला गया था। एमडी वर्मा ने बताया कि डिस्कॉम से जुड़े अजमेर में स्पॉट बिलिंग शुरू की गई है, बांसवाड़ा, ब्यावर, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ़, डीडवाना कुचामन, डूंगरपुर, झुंझुनूं, नागौर, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूंबर, सीकर और उदयपुर जिलों भी स्पॉट बिलिंग शुरू होगी। मीटर की मोबाइल पर रीडिंग लेकर तत्काल बिल जनरेट होगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद स्पॉट बिलिंग को समाप्त कर दिया जाएगा। डिस्कॉम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के तहत अब उपभोक्ताओं को नई व्यवस्था से बिल चुकाना होगा। सुविधा के अनुसार स्मार्ट मीटर लगने पर प्री-पेड सुविधा में जरूरत के अनुसार रिचार्ज हो सकेगा, उपभोक्ताओं को बिल में 15 पैसे यूनिट की छूट मिलेगी। मोबाइल व ऑन लाइन से प्रतिदिन प्रति मिनट मॉनिटरिंग की जा सकेगी। एप के माध्यम से ई-बिल डाउनलोड कर सकेंगे साथ ही उपभोक्ता चाहे तो बिजली का उपभोग बंद कर सकेंगे। अजमेर डिस्कॉम के क्षेत्राधीन जिलों में करीब 69 लाख मीटर पर 3 हजार 663 करोड़ की लागत जाएगी। एमडी वर्मा ने बताया कि घरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग व स्पॉट बिलिंग की जरूरत नहीं होगी। मीटर सीधे डिस्कॉम के सर्वर से कनेक्ट होगा, इसमें प्रत्येक उपभोक्ता की बिजली रीडिंग ऑनलाइन दर्ज होगी, जिससे बिजली चोरी पर भी रोक लग सकेगी। एमडी वर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने शुरू हो गए हैं। पहले यह पोस्टपेड मोड पर लगेंगे, इसके बाद सुविधा अनुसार इन्हें प्रीपेड मीटर में बदला जाएगा। उपभोक्ता स्वयं मोबाइल से मीटर की मॉनिटरिंग कर सकेंगे। ट्रांसफार्मर पर छीजत की गणना करना भी आसान होगा।

## पारीक के नेतृत्व में लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल लंदन रवाना

मेडता सिटी । देश की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्राकृतिक पत्थर प्रदर्शनी इंडिया स्टोनमार्ट-2026 के वैश्विक प्रचार एवं विदेशी खरीददारों को आकर्षित करने के उद्देश्य से, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स एवं लघु उद्योग भारती का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल लंदन के लिए 4 मई को सात दिवसीय दौरे पर रवाना हुआ है। यह प्रतिनिधिमंडल 7 से 9 मई 2025 तक लंदन में आयोजित होने वाली द स्टोन शो एंड हार्ड सरफेस प्रदर्शनी में भाग लेगा। प्रतिनिधिमंडल में मेडता निवासी नरेश पारीक राष्ट्रीय सचिव लघु उद्योग भारती, अरुण कुमार जाजोदिया कोषाध्यक्ष लघु उद्योग भारती तथा विवेक जैन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सीडीओएस शामिल हैं। यह दौरा भारत के प्राकृतिक पत्थर उद्योग को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में स्थापित करने और इंडिया स्टोनमार्ट-2026 में वैश्विक सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रयास है।

उल्लेखनीय है कि इंडिया स्टोनमार्ट-2026 के प्रचार के लिए इससे पूर्व इटली (मार्मोमैक फेयर, वेरोना), चीन (शियामेन स्टोन फेयर), अमेरिका (कवरिंग्स फेयर), तथा तुर्की (इज़मिर मार्बल फेयर) जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में प्रभावशाली भागीदारी की गई है। इसके साथ ही, देशभर में आयोजित रोड शो, संवाद सत्र एवं नेटवर्किंग कार्यक्रमों के माध्यम से भी इस भव्य आयोजन के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न की गई है।

सीडीओएस एवं लघु उद्योग भारती द्वारा समन्वित रूप से किए जा रहे इन प्रयासों का उद्देश्य केवल इंडिया स्टोनमार्ट-2026 को एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के रूप में स्थापित करना ही नहीं है, बल्कि भारत की समृद्ध खनिज एवं शिल्प विरासत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाना भी है। लंदन में इस दौरान विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों, व्यापारिक प्रतिनिधियों एवं संभावित साझेदारों से संवाद एवं सहयोग की महत्वपूर्ण बैठकों का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इंडिया स्टोनमार्ट-2026 का आयोजन आगामी पांच से आठ फरवरी 2026 को जयपुर स्थित जेईसीसी परिसर सीतापुरा में किया जाएगा, जिसमें भारत सहित विश्व के अनेक देशों से अग्रणी प्रदर्शक एवं खरीददार भाग लेंगे।

# 'मीडियाकर्मियों की कठिनाइयों को दूर करने के होंगे हर प्रयास'

जालोर/माउंट (कासं)। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन पोषण करने में प्रयासरत रहता है। धरती में विभिन्न प्रकार की रासायनिक खादें डालकर उसे विकृत बनाया जा रहा है। धरती का संरक्षण करने के लिए जैविक खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढाने होंगे।

- केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन पोषण करने में प्रयासरत रहता है




माउंट आबू में मीडियाकर्मियों के खुले सत्र को केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सम्बोधित किया।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीडति व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को नेत्र हमेशा खुला रहता है।

उन्होंने कहा कि मीडिया की कङ्गिनाइयों को संज्ञान में लाकर केंद्र में चर्चा करने के बाद उन्हें दूर करने की हर संभव कोशिश की जाएगी। ब्रह्माकुमारी संगठन देश भर की मीडिया को एकत्रित कर विश्व में शान्ति स्थापना करने का कार्य कर रहा है जिसके लिए संस्था साधुवाद की पात्र है। जो समाज के हर वर्ग को एक साथ लेकर वसुधैव कुटुम्बकम की वास्तविक भावनाओं को परिलक्षित कर रही है। देश में अशांति फैलाने वाली ताकतों को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क है। हर व्यक्ति अधिकार की बात करता है लेकिन मीडिया कर्तव्यों का बोध कराने में हमेशा अग्रसर रहता है। सच्चाई, संगत, सोसायटी भी समाज उत्थान के घटक हैं। मेडिटेशन आत्मा को परमात्मा से मिलाने का सशक्त माध्यम है।

संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंहल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया मंच की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पल झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है। इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सेकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड देता है। जिससे जीवन में परमात्म शक्ति का समावेश होने से हर कार्य सुगम हो जाता है।

संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोडा, दिल्ली जनभावना एडिटर डॉ. विवेक गौतम, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओम शान्ति मीडिया एडिटर डॉ. बीके गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बीके योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## गेट खोलते समय अचानक हुई गार्ड की मौत

कोटा, (निसं)। देश में कई सारे साइलेंट हार्ट अटैक के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही मामला कोटा में भी सामने आया है। जहां पर सिक्योरिटी गार्ड की अचानक मौत हो गई है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दरअसल, सुबह 5.30 बजे के आसपास उन्होंने कार आने पर गेट खोला और उसके बाद गेट लगाते समय ही गिर गए थे। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना डीसीएम चौराहे के नजदीक स्थित शुभांगन कॉलोनी की है। कॉलोनी के सुपरवाईजर महेश प्रजापति का कहना है कि मृतक 55 वर्षीय नंदकिशोर प्रजापति मूल रूप से धाकड़खेड़ी के निवासी हैं। शनिवार रात को वह स्वस्थ ही ड्यूटी पर आए थे। सुबह 5.30 बजे गेट बंद करने के दौरान अचानक गश खाकर गिर गए। इसके बाद उनकी मौत हो गई। सूचना पर उनके परिजन और पुलिस भी पहुंच गए थे।

मृतक नंदकिशोर के बेटे दीपक का कहना है कि उनके पिता को कोई बीमारी नहीं थी किसी भी तरह की कोई दवा भी वह नहीं ले रहे थे। सुबह कॉलोनी से ही घटना के संबंध में फोन आया था तब मौके पर पहुंचे। उन्हें एमबीएस अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने उनकी मौत साइलेंट अटैक से बताई है। दोपहर में उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया है।

भारत सरकार
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
वेबसाईटः plantauthority.gov.in
PPVFRA

पादप जीनोम संरक्षक पुरस्कार 2024-25

पादप जीनोम संरक्षण समुदाय पुरस्कार/कृषक सम्मान एवं मान्यता के लिए कृषक समुदायों और व्यक्तिगत कृषकों से वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट https://plantauthority.gov.in/hi पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथिः विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से तीन माह।

CBC 01146/12/0001/2526